an>

Title : Need to impart technical training to women to improve their skills -laid.

श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश (सूरत): महिला सशक्तिकरण आज की आवश्यकता और वर्तमान सरकार की प्राथमिकता रही है। सरकार ने वर्तमान बजट में महिलाओं को काफी तवज्जो दी है। मेरे मानना है की इस क्षेत्र में जितना काम किया जाए उतना ही कम है। देश की ५० प्रतिशत की आबादी को आज भी प्रताड़ित होना या योग्य अवसर न मिलना जैसी तकलीफ़ों को सहन करना पड़ता है। मैं गुजरात सरकार एंव वर्तमान की माननीय नरेन्द्रभाई मोदी जी की सरकार का अभिनंदन करती हूँ कि सरकारी नौकरियों में महिलाओं को प्रधानता देना शुरू हुआ है और आधी आबादी का वास्तव में ख्याल रखने की शुरुआत हुई है।

आज भी मेरे लोकसभा क्षेत्र सूरत में साड़ियों पर पत्थर लगाना, साड़ियाँ बनने के बाद धागो को भरना जैसे कार्य बड़ी मात्र में महिलाएं कर रही हैं जिसकी संख्या लाखो में होगी, जो ऐसे छोटे व्यवसाय से जुड़ी हुई हैं। पहले जब भी महिला का विचार आता था तो सिर्फ कपड़ा सीने, कढ़ाई, बुनाई का कार्य ही सामने आता था। आज ऐसा नहीं है आज महिलाओं के हुनर को तराशने की आवश्यकता है। मेरा सुझाव है कि हर क्षेत्र की महिलाओं के हुनर का सर्वे करके उस प्रकार की तकनीकी ट्रेनिंग एंव मार्केट उसे देने की व्यवस्था हो ताकि वो अपने कार्य में वैल्यू एडिशन कर सके, ऐसी व्यवस्था खड़ी की जाए।